# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**संख्या– मैंमो–तेरह– आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 02 नवम्बर, 2023**

**मासिक आख्या अक्टूबर 2023**

दिनांक 01.10.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू के पास मलवा/पत्थर आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के द्वारा सम्बन्धितो से समन्वय कर मार्ग को खुलवाये जाने हेतु मशनरी तैनात करवाते हुये मार्ग को सुचारु किया गया।





दिनांक 01.10.2023 को स्वच्छता ही सेवा–2023 कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्त कार्यक्रम में एन0डी0आर0एफ0/एस0डी0आर0एफ0/आपदा प्रबन्धन की टीम तैनात कर जोशियाडा झूला पुल के समीप स्वच्अता अभियान में प्रतिभाग किया गया।











दिनांक 03.10.2023 को सांय 4:43 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू के पास मलवा/पत्थर आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र के द्वारा सम्बन्धितो से समन्वय कर मशीनरी तैनात करवाते हुये मार्ग को सुचारु किया गया।






दिनांक 03.10.2023 को समय 14.51.04 बजे जनपद मुख्यालय के आस–पास भूकम्प के झटके महसूस किये गये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–**

- भूकम्प का परिमाण– 6.2 (रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश/Latitude– 29.39° N
- देशान्तर/Longitude – 81.23° E
- भूकंप का केन्द्र– नेपाल।



दिनांक 03.10.2023 को सांकरी जखोल मोटर मार्ग के पास एक वाहन अन्यित्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ जनपद आपातकलीन परिचालन केन्द्र क्षरा सम्बन्धितो से समन्वय किया गया वाहन मे 02 लोग सवार थे जिसमें से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी एक व्यक्ति घायल हुआ जिसका प्राथमिक उपचार प्रा0स्व0केन्द्र मोरी मे किया गया।

दिनांक 04.10.2022 को नेहरु पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी के डेकरानी बामक ग्लेशियर मे बर्फवारी/हिमस्खलन के कारण घटित दुर्घटना मे लापता 02 प्रशिक्षणार्थी मे से 01 प्रशिक्षणार्थी का शव NIM क्षरा दिनांक 04.10.2023 बरामद कर NIM बेस कैंप डोकरानी बामक में लाया गया।

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सेना/राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/युकाडा से समन्वय कर उक्त के शव को लाये जाने हेतु हैलीकॉप्टर उपलब्ध कराते हुये शव को सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से दिनांक 05.10.2023 को के हेली से हर्षिल लाया गया तथा हार्षल से शव वाहन के माध्यम से जिला चिकित्सालय, उत्तरकाशी लाया तथा शव को पोस्टमार्टम/पंचायत नामा आदि कार्यवाही कर शव हेतु ताबूत आपूर्ति कर गृह जनपद ऋषिकेश भेजा गया।

**नेहरू पर्वतारोहण संस्था, बैस कैम्प, डोकरानी बामक ग्लेशियरकार्डिनेट–**

**अक्षांस–30° 51' 38.9'' N**
**देशान्तर–78° 46' 52.5'' E**
समुद्र तल से ऊँचाई–3750 मीटर
मौसम– वर्तमान समय में मौसम साफ है।
स्थल–नेहरू पर्वतारोहण संस्था, बैस कैम्प, डोकरानी बामक ग्लेशियर।




दिनांक 06.10.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नेताला के पास पेड़ गिरने के कारण मार्ग अवरुद्ध हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एस0डी0आर0एफ0 टीम एंव बी0आर0ओ0 को जे0सी0बी0 भेजने हेतु अवगत कराया गया। मार्ग को उक्त के द्वारा सुचारु किया गया।



**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा शासन के निर्देशानुसार जनपद अन्तर्गत आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी पूर्व तैयारी, त्वरित राहत–बचाव कार्य सम्बन्धी जानकारी/प्रशिक्षण–मॉक अभ्यास/जानजागरूता कार्यक्रम संचालित किये जाने के क्रम में प्रशिक्षण कलेण्डर के अनुसार सम्बन्धित विद्यालयों के कार्मिकों/छात्र–छात्राओं को निम्नानुसार प्रशिक्षण दिये गया।**

| क्र.सं. | विद्यालय का नाम | प्रशिक्षण का दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | रा0 कन्या जूनियर हाई स्कूल, बडेथी | 12.10.2023 |
| 2 | रा0 कन्या हाईस्कूल गेंवला | 13.10.2023 |
| 3 | रा0 हाई स्कूल भराणगांव | 14.10.2023 |
| 4 | रा0 हाई स्कूल, पाटा | 16.10.2023 |
| 5 | रा0 हाई स्कूल बोंगा | 17.10.2023 |
| 6 | रा0 हाई स्कूल, उत्तरों | 18.10.2023 |
| 7 | रा0 हाईस्कूल, कल्डियाणी | 30.10.2023 |
| 8 | रा0 हाई स्कूल, नाल्ड | 31.10.2023 |












District Disaster Management Authority
Uttarkashi
District Emergency Operation Center




FIRE







**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर,2023 को अन्तर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण** दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर जन–जागरूकता कार्यक्रमों यथा चित्रकला प्रतियोगिता, प्राशिक्षण, मॉक अभ्यास, का आयोजन **रा0 इण्टर कॉलेज उत्तरकाशी में तथा ब्लाक स्तर के विद्यालयों में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्रओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है। रा0 ई0का0 में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्मृत चिन्ह भेट कर अन्य छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र दिये गये।**














**उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र के विशेषज्ञों की टीम द्वारा गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के भूस्खलन से संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण दिनांक 10 से 14 अक्टूबर, 2023 तक सर्वेक्षण किया गया है। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर सर्वेक्षण किया गया।**

दिनांक 15.10.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भटवाडी बाजार के बीच मे पेड़ गिरने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा भटवाडी से एस.डी.आर.एफ./त्वरित कार्यवाही टीम को उक्त स्थान के लिए रवाना किया गया मार्ग को उक्त टीम के द्वारा सुचारु किया गया।







दिनांक 19.10.2023 को जिला चिकित्यालय उत्तरकाशी में गर्भवती महिला को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा महिला का स्वास्थ्य खराब होने के कारण तत्काल हैली के माध्यम से हायर सेन्टर देहरादून हेतु रैफर किया गया। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा युकाडा से समन्वय कर उक्त महिला को हैली एम्बुलेंस से देहरादून पहुॅचाया गया।



दिनांक 20.10.2023 को PDNA तैयार किये जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के सहयोग से आहूत आनलाईन प्रशिक्षण में जनपद के अन्य अधिकारियों के प्रतिभाग किये जाने हेतु समन्वय कर प्रतिभाग किया गया।







डॉ रघुन्नदन सिंह टोलिया, उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में " Urban Disaster Risk Mitigation: Making Cities Resilience " विषयक 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 19 से दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 तक आयोजन प्रशिक्षण कार्य क्रम में निम्न अधिकारियों से प्रतिभाग करवाये जाने हेतु समन्वय किया गया।
उप जिलाधिकारी, बडकोट।
खण्ड विकास अधिकारी, नौगांव।

दिनांक 21.10.2023 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान पोखु देवता के पास एक स्कूटी वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा 108 एम्बुलेंस, पुलिस को सूचना से अवगत कराते हुए उक्त स्थान के लिए रवाना किया गया। उक्त वाहन में 02 लोग सवार थें जिनकी घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी जिन्हे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्यालय उत्तरकाशी मे लाया गया।

जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के ड्रोन कैमरा से स्वच्छता कार्यक्रम एवं पुलिस विभाग की मांग के अनुसार ग्रामीण एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर सर्वेक्षण किया गया।



दिनांक 27.10.2023 को शासन द्वारा एस.डी.आर.एफ./आपदा न्यूनीरकण एवं प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त वे परिसम्पत्तियॉ जो राज्य आपदा मोचन निधि के मानकों के अन्तर्गत आच्छादित नहीं हैं के पुनर्निर्माण किये जाने हेतु हेतु प्राप्त धनराशि से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर बैठक में प्रगति आख्या के साथ प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वार वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक एस0डी0आर0एफ0 मद एवं वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक आपदा न्यूनीकरण एवं 15 जिलाधिकारियों हेतु स्वीकृत मद अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत कार्ययोजना का फोटो पूर्व तथा बाद के फोटो युक्त सूची संकलित कर शासन के निर्देशानुसार वेबपोर्टल पर अपडेड की गयी ।

## यात्रा कन्ट्रोल रूम (जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र)

जनपद अन्तर्गत चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को यात्रा कन्ट्रोल रूम कार्यशील हैं यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों, तैनात नोडल/सैक्टर अधिकारियों से समन्वय कर श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम एवं प्रमुख पड़वों में स्वास्थ्य सुविधा, पयेजल, विद्युत शौचालय, स्वच्छाता एवं दूरसंचार, खाद्यान्न पदार्थों के दर नियंत्रण/मजदूर दण्डी–कण्डी, खोड़–खच्चर आदि के नियमित 24X7 घटें निगरान निगरानी की जा रही है। विभिन्न यात्रा पड़व पर आवश्यक सविधाओं के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों को पंजिका में दर्ज कर सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित कर शिकायत का नितस्ताण करवाया जा रहा है। गंगोत्रीएवं यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू रखे जाने हेतु पर्याप्त मशीनरी/मानव संसाधन की उपलब्धता की निगरानी की जा रही है। चारधाम यात्रा सम्बन्धी दैनिक सूचना का संकलित कर प्रेषित की जा रही है। आपदा प्रबन्धन के दृष्टिगत विभिन्न सुविधाओं/तैनात टीम आदि के GIS मैप तैयार किये गये।



# यात्रा कन्ट्रोल रूम
## (जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र), उत्तरकाशी।

Phone: + 91 - 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free), Mobile.: + 917500337269, 7252887587, 7310913129
Mail Id: ddmauttarkashi@gmail.com


## श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम यात्रा दैनिक बुलेटिन

बुलेटिन संख्या–153 : दिनांक– 06.10.2023 समय–सायं 07:00 बजे।

### यात्रियों की संख्या

| धाम का नाम | दैनिक यात्रियों की संख्या (दिनांक 06.10.2023) समय सायं 06:00 बजे तक | | | | क्रमिक यात्रियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | बच्चे | योग | पुरूष | महिला | बच्चे | योग |
| श्री गंगोत्री धाम | 2450 | 1571 | 51 | 4072 | 482822 | 314970 | 22642 | 820434 |
| श्री यमुनोत्री धाम | 1541 | 1029 | 37 | 2602 | 368900 | 287417 | 19747 | 676064 |
| योग | 3991 | 2600 | 88 | 6674 | 851722 | 602387 | 42389 | 1496498 |

### वाहनों का विवरण

| धाम का नाम | दैनिक वाहनों की संख्या (दिनांक– 06.10.2023) समय सायं 06:00 बजे तक | | | | क्रमिक वाहनों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बड़े वाहन | छोटे वाहन | दोपहिया वाहन | योग | बड़े वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग |
| श्री गंगोत्री धाम | 68 | 359 | 05 | 442 | 12032 | 65741 | 8370 | 86143 |
| श्री यमुनोत्री धाम | 40 | 247 | 23 | 310 | 9917 | 53741 | 5207 | 68865 |
| योग | 108 | 606 | 28 | 752 | 21949 | 119482 | 13577 | 155008 |

### गंगोत्री से गौमुख जाने वाले यात्रियों का विवरण

| दिनांक | भारतीय | | विदेशी | | गाइड/पोटर्स | कुल | क्रमिक योग (01 अप्रैल, 2023 से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 06.10.2023 | 80 | 20 | 07 | 03 | 27 | 137 | 10.138 |

### जनपद में घटित घटनायें

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक 06.10.2023 को घटित घटनायें | अब तक कुल संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वाहन दुर्घटना | - | 03 | - |
| | (क) घायल व्यक्तियों की संख्या | - | 39 | |
| | (ख) मृतक व्यक्तियों की संख्या | - | 12 | |
| योग | | - | घायल– 39 व मृतक–12 | |

### जनपद में वर्षा का विवरण (मि0मी0 में)

| दिनांक | जिला मुख्यालय | तहसील भटवाडी | तहसील डुण्डा | तहसील चिन्यालीसौड | तहसील बडकोट | तहसील पुरोला | तहसील मोरी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05.10.2023 प्रातः 08:00 बजे से 06.10.2023 प्रातः 08:00 बजे तक। | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 | 00.00 |

मौसम– वर्तमान समय में जनपद के जिला मुख्यालय व समस्त तहसील क्षेत्र एवं श्री गंगोत्री धाम/श्री यमुनोत्री धाम में साफ है।

## सड़क मार्गो की स्थिति

| क्र. स. | जनपद में स्थिति मार्गो का प्रकार | कुल मार्गो की संख्या | अवरूद्ध मार्गो की संख्या | अवरूद्ध मार्ग का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) | 03 | — | — |
| 2 | राज्य मार्ग (SH) | 09 | — | — |
| 3 | मुख्य जिला मार्ग (MDR) | 07 | — | — |
| 4 | ग्रामीण मोटर मार्ग (VR) | 299 | 02 | नारदचट्टी–बनास मोटर मार्ग KM 02 मे वॉशआउट से अवरूद्ध है। |
| | | | | कनल नदी से गुडियाटगाव मोटर मार्ग जगह–जगह 180 मीटर भाग में पूर्णत वॉशआउट से अवरूद्ध है। |
| 5 | अन्य (ODR) | 07 | — | — |
| | कुल मार्गो की संख्या– | 325 | 02 | सम्बन्धित विभाग द्वारा उक्त मार्गो का आंगणन गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा चुका है स्वीकृति मिलने के उपरान्त कार्य पूर्ण कर मार्ग को यथावत खोल दिया जायेगा। |

## यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण

| धाम | दिनांक 06.10.2023 को | | क्रमिक योग | |
|---|---|---|---|---|
| | कुल यात्रियो की संख्या जिनके स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गयी | कुल यात्रियों की संख्या जिनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया | स्क्रीनिंग | स्वास्थ्य परीक्षण |
| श्री यमुनोत्री धाम यात्रा | 1516 | 340 | 361612 | 56110 |
| श्री गंगोत्री धाम यात्रा | 1284 | 40 | 244575 | 45112 |
| योग | 2800 | 380 | 606187 | 101222 |

## विद्युत/पेयजल/बाधित होने की अद्यतन सूचना

| विद्युत व्यवस्था | पेयजल व्यवस्था |
|---|---|
| जनपद के समस्त विकास खण्डों के अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति सुचारू है। | जनपद के समस्त विकास खण्डों के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारू है। |

जनपद स्तर पर समय–समय पर विभिन्न बैठकों/स्वच्छता/पर्यवरण सम्बन्धी कार्यक्रमों तथा निर्वाचन तैयारी आदि विभिन्न बैठकों मे प्रतिभाग किया गया।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन), उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर, दूहरादून।
4. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन), उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर, दूहरादून।
5. संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ,उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर, दूहरादून।
6. अधिशासी निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून।
7. जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।
8. अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।